(ग) और (घ) देश में उपभोक्ताओं को केवल परिशोधित पेट्रोलियम उत्पाद ही बेचे जाते हैं । जबकि कुछ उत्पाद विशेषतया वे जो कि समाज के अभिजात्य वर्ग द्वारा उपयोग में लाये जाते हैं उनकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनके मूल्य की तुलना में बहुत कम रखी जाती है, अत: अन्य उत्पादों के लिए मूल्य-नीति उपयुक्त परस्पर इंधन प्रतिस्थापन के बढ़ाने की आवश्यकता को ध्यान में रखकर निर्धारित की जाती है ताकि उसके सफल उपयोग और संरक्षण को बढ़ाया जा सके ।

(ङ) जी, नहीं ।

दिल्ली में 220 किलोवाट के सबस्टेशन की संरचना के लिए स्वीकृति

1265. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेशयादव :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1986 में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने दिल्ली में वर्तमान विद्युत वितरण प्रणाली को प्रभावी और किफायती बनाने हेतु दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान को 220 किलोवाट सब-स्टेशन परियोजना का निर्माण करने की स्वीकृति दी थी ;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस परियोजना के लिए विश्वभर से निविदाएं मंगाई गई थीं ;

(घ) यदि हां, तो निविदाएं स्वीकृत करने की अन्तिम तिथि क्या थी और इस संबंध में क्या और कब निर्णय लिया गया था ; और

(ङ) निर्णय लेने में विलम्ब के क्या कारण थे और इस विलम्ब के कारण परियोजना की लागत में कितनी वृद्धि हुई ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

तेल उद्योग के कार्यकरण सम्बन्धी नीति में परिवर्तन

1266. श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 अक्तूबर, 1988 के "द हिन्दू" में "इंडिजिनस प्रोडक्शन आफ क्रूड इकानामिकल" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार निकट भविष्य में इस उद्योग के कार्यकरण संबंधी नीति में परिवर्तन करेगी ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की भावी योजना क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) जी, हां । सरकार ने वह लेख देखा है जिसमें यह सुझाव दिया गया है कि कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य के कम होने के बावजूद देश में ही कच्चे तेल का उत्पादन करना किफायती है ।

(ग) सरकार की नीति कच्चे तेल का अपने देश में अधिकतम उत्पादन करने की है तथा इस नीति में परिवर्तन करने का कोई विचार नहीं है ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Price rise of mill made paper

1267. SHRI RAM ' AWADHESH SINGH: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government are Ware